दैनिक जागरण 17/11/2024

संविधान पर क्विज स्पर्धा में गांधी मेमोरियल कालेज प्रथम

जागरण संवाददाता • अंबाला : एसडी कालेज ने संविधान पर एक क्विज का आयोजन करवाया गया। प्रत्येक कालेज से तीन छात्रों की टीम को आमंत्रित किया गया। गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज से तीन विद्यार्थियों की टीम ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में छात्रों को निरंतर रूप से भाग लेना चाहिए। इससे ही व्यक्ति का व्यक्तित्व निखरता है। डा. सरोज ने छात्रों की प्रशंसा की और भविष्य के लिए और कड़ी मेहनत करने को कहा। डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि क्विज जैसी प्रतियोगिता छात्रों के ज्ञान में वर्धन करती है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस विजेता टीम में निशा और सुमित जो कि बीए द्वितीय वर्ष के छात्र है, प्रगति बीसीए द्वितीय वर्ष ने अग्रणी भूमिका निभाई। ये छात्र कैश पुरस्कार से सम्मानित किए गए हैं।

अंबाला छावनी के जीएमएन कालेज के विजेता खिलाड़ी प्राचार्य डा. रोहित दत्त के साथ।